हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 12 मई 2026
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



## खबर संक्षेप



### नव पदस्थ कलेक्टर से प्रांजल विशेष स्कूल के नि:शक्त बच्चों ने की मुलाकात

**बिलाईगढ़।** नगर के प्रांजल विशेष स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने संस्था प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता हिरा देवी निराला के नेतृत्व में नव पदस्थ कलेक्टर आईएएस पद्मिनी भोई साहू तथा पूर्व कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान संस्था की ओर से पूर्व कलेक्टर डॉ. कन्नौजे को उनके कार्यकाल में संस्था के हित में किए गए सहयोग एवं कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### 10वीं-2वीं बोर्ड परीक्षा में इतवारी राम यादव स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट



**भाटापारा।** नगर के प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक (1930 में स्थापित) इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के बोर्ड परीक्षा परिणामों में अपनी उत्कृष्टता से विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्राचार्य डॉ. अर्चना वर्मा के मार्गदर्शन में स्कूल के 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और अंचल का नाम रोशन किया है। 12वीं में 44 छात्रों ने मारी प्रथम श्रेणी की बाजी विद्यालय के कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों के अनुसार कुल 44 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके साथ ही 19 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी और 1 छात्र ने तृतीय श्रेणी हासिल की है।12वीं कक्षा के टॉपर छात्र ओमकार सोनी 86.2% (431 अंक) के साथ प्रथम स्थान। राघवेन्द्र साहू 83.4% (417 अंक) के साथ द्वितीय स्थान।

## पेज 15 के शेष

### जल संकट के...

कहा कि कई क्षेत्रों में लोगों को मटमैला और अस्वच्छ पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जो जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से सवाल किया गया कि हर वर्ष संकट के बावजूद दीर्घकालिक योजना क्यों नहीं बनाई गई और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही कब तय होगी। आप नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जल संकट का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रभारी सहदेव डांडेकर, लोकसभा उपाध्यक्ष जगन्नाथ महिलांग, जिलाध्यक्ष भुनेश्वर सिंह डहरिया, जिला उपाध्यक्ष कार्तिक राम निषाद, जिला कोषाध्यक्ष जसपाल सिंह, जिला संगठन महामंत्री दिलीप कुमार फेकर जिलाध्यक्ष यूथ विंग हरिशंकर नंवरगे जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ फूल दास, जिला सचिव किसान प्रकोष्ठ हीरालाल, ब्लॉक अध्यक्ष बलौदा बाजार नेमन दास के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सरपंच एवं पंच...

तारीख 18 मई सोमवार को दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा(जांच) 19 मई को प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 21 मई गुरुवार के दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है तथा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। यदि मतदान आवश्यक हुआ तो नगरीय क्षेत्रों और त्रिस्तरीय पंचायतों में 01 जून सोमवार को मतदान संपन्न कराया जायेगा। नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतदान का समय प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में मतदान का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।

### मिरौनी बैराज पर...

स्थिति भी निर्मित होती है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि अब बैराज क्षेत्र में डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित है। यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो पुलिस बिना किसी देरी के डीजे सिस्टम को जब्त कर विधिक कार्रवाई करेगी। थाना प्रभारी सुनीता बंजारे ने कहा कि – लोग मिरौनी बैराज की सुंदरता का आनंद लें, लेकिन अनुशासन के साथ। पर्यटक बनकर आएं, अपराधी बनकर नहीं। कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ हम बेहद सख्त हैं।"

---

### सिद्धेश्वर मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व राष्ट्रीय एकता का प्रतीक : कलेक्टर शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



सोमनाथ मंदिर पर प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष एवं मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 11 मई को राष्ट्रव्यापी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत विकासखंड पलारी के सिद्धेश्वर मंदिर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं ओंकार जाप के साथ कलेक्टर कुलदीप शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सिद्धेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आलेख का वाचन एवं सोमनाथ मंदिर में कार्यक्रम के जीवंत प्रसारण को देखा गया।

इस अवसर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमारे गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत एवं राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।आज का दिन बहुत ही गौरव का दिन हैं। 1026 ईस्वी महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर में आक्रमण किया लेकिन लोगों की आस्था एकजुटत और सभी के सहयोगफिर खड़ा हो गया लेकिन ऐसा 16 बार हुआ और पुनः खड़ा हुआ। अब उस काल को 1000 वर्ष पूरा करते हुए अब भी गौरव के साथ खड़ा है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप हम सब इसके आज साक्षी हैं।इस ऐतिहासिक धरोहर को सहेज कर हम आने वाली पीढ़ी को जागरूक कर सकते हैं।सिद्धेश्वर मंदिर ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के साथ ही प्राकृतिक धरोहर भी है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर ने कहा कि आज के दिन को पूरा देश राष्ट्रीय स्वाभिमान पर्व के रूप में माना रहा हैं। 17 बार इस मंदिर को तोड़ा गया लेकिन लोगों के आस्था और भावना ने इसे झुकने नहीं दिया। पलारी के बालसमुंद जलाशय ऐतिहासिक धरोहर और जीवन रेखा हैं। इस जलाशय का सौंदर्यीकरण करना जरुरी हैं। यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में सुशोभित हो सकता है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, जनपद अध्यक्ष सविता यादव, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा,जनपद सदस्य नीलिमा कोशले, टिकेश्वरि वर्मा, लता बघेल,एसडीएम दीपक निकुंज सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है : शिवरतन शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाजपा वरिष्ठ नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत तरेंगा में समाधान शिविर में सम्मिलित होकर ग्रामवासियों से संवाद किया।

शिवरतन शर्मा ने क्रमशः पहले सभी विभागों के स्टाल का निरिक्षण किया और प्राप्त आवेदनों एवं उन पर हुए निराकरणों के विषय में सम्बंधित अधिकारियो से जानकारी ली। शिवरतन शर्मा ने समाधान शिविर को सम्बोधित कर कहा की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक-एक गारंटी को धरातल पर उतारने का कार्य पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता से कर रहे हैं। हमारी भाजपा सरकार जनता से किए गए हर वादे को गंभीरता से लेते हुए उसे पूरा करने में जुटी है। विधानसभा चुनाव से पहले हमने वादा किया था कि सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासहीन परिवारों को घर उपलब्ध कराएंगे।

शिवरतन शर्मा ने कहा की समाधान शिविर में हो रही समस्याओं के समाधान को देखकर नागरिक अपनी समस्याएं लेकर शिविर पहुंच रहे हैं। शिविर में तमाम विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रहती है और समस्या को ध्यान में रखते हुए अधिकारी समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करते हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी वजह से नागरिक शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा, जनपद सदस्य खन्ना साहू, त्रिवेणी धनेश साहू, पवन वर्मा, डब्लू ठाकुर, सतीश सोनी, खुमान वर्मा, ठाकुर राम साहू, संकेत अग्रवाल, दिलीप चक्रधारी, डिगा साहू, भोला देवांगन, रोहित चक्रवर्ती सहित आदि उपस्थित थे।

## कुर्मी सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन



**खरोरा।** ग्राम अड़सेना में मनवा कुर्मी सामुदायिक भवन निर्माण के लिए जनपद सदस्य शिवशंकर वर्मा एवं सरपंच ग्राम पंचायत अड़सेना तेजराम पाल की विशेष आतिथ्य में भूमि पूजन हुआ। इसमें ग्राम के ग्राम प्रमुखों एवं कार्यकारिणियों व समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर शिवशंकर वर्मा जनपद सदस्य ने कहा कि किसी भी समाज की एक पहचान के साथ-साथ एक निश्चित स्थान रहने से सामाजिक कार्यक्रम एवं सामाजिक चेतना का विकास होता है, ग्राम अड़सेना में लगभग 120 घर के कुर्मी निवासरत है जिनकी विभिन्न सामाजिक धार्मिक एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम एक ठोर ठिकाना में होता है तो वहां पहुंच सरल और सहज हो जाता है। सरपंच तेजराम पाल ने कहा समाज का अपना भवन एक पहचान होता है विगत बहुत दिनों से भवन निर्माण हेतु भूमि प्रयास किया जा रहा था जो सर्व सुलभ स्थान पर होने से उसकी महत्ता और बढ़ जाती है सभी समाज वाले सामने आकर सहयोग प्रदान करेंगे तो भवन को बनने में कोई देरी नहीं होगी।

## ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में बच्चों के लिए समर कैंप

**खरोरा।** ब्रह्माकुमारीज के खरोरा सेवा केंद्र में 3 मई से 10 मई तक बच्चों के लिए भव्य समर कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के तनावपूर्ण वातावरण से हटाकर मनोरंजक खेलों, रचनात्मक गतिविधियों एवं नैतिक मूल्यों की शिक्षा से जोड़ना था। समर कैंप के दौरान बच्चों को एरोबिक्स, जुंबा डांस, योग-ध्यान, पेंटिंग, "कबाड़ से जुगाड़" जैसी रचनात्मक गतिविधियां एवं विभिन्न मनोरंजक खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भरपूर आनंद लिया। शिविर में बच्चों को रचनात्मक लेखन का अभ्यास भी कराया गया, जिसमें प्रतिदिन नए-नए विषयों पर लेखन कर बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को अभिव्यक्त किया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि समर कैंप कई



स्थानों पर आयोजित होते हैं, लेकिन ब्रह्माकुमारी संस्था बच्चों को संस्कारों की शिक्षा भी देती है।नरेंद्र ठाकुर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। संस्था की संचालिका ब्रह्माकुमारी उमा दीदी ने कहा कि संस्था में बच्चों को चरित्र निर्माण एवं नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी सावित्री बहन ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता गुलाब विश्वकर्मा ने भी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पवन विश्वकर्मा, पंकेश, विनोद, ब्रह्माकुमारी सुनीता बहन, ईशु बहन, भरत वर्मा, बिंदु बहन, रेशम, अनीता बहन, गंगा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## मातृ दिवस पर भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



स्व. राम प्रसाद देवांगन महाविद्यालय खरोरा में प्राचार्य डॉ. शम्पा चौबे के मार्गदर्शन में मातृ दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मातृशक्ति को समर्पित रहा, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं उनकी माताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. शम्पा चौबे ने उपस्थित माताओं का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने समाज सेवा और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने माता-पिता के सम्मान और संस्कारों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर कक्षा 12वीं में राज्य स्तर पर 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल करने वाली छात्रा कुमारी हेमलता साहू को प्राचार्य द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। वहीं ब्रह्माकुमारी संस्था की उमादेवी एवं खरोरा वार्ड क्रमांक-10 की पार्षद लीला देवांगन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा अपनी माताओं के स्वागत से हुई। इस दौरान माताओं और बच्चों ने एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सम्मान और आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के सम्मान में कविता, गीत एवं लेख प्रस्तुत किए। किसी बच्चे ने कहा, "मेरी माँ बहुत खूबसूरत है, तो किसी ने कहा,की "मेरी माँ मेरी पूरी दुनिया है।" बच्चों ने "तू कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है, प्यारी-प्यारी है माँ..." जैसे गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावुक बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं एवं बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। केक कटिंग के साथ कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## फोटो पत्रकारिता सच्चाई को दिखाने की विधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय में आयोजित "इंटर्नशिप प्रशिक्षण पत्रकारिता एवं भाषाई दक्षता" कार्यक्रम में पत्रकारिता के विविध आयामों पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए विद्याधर तिवारी बलौदाबाजार ने कहा कि फोटो पत्रकारिता तस्वीरों के माध्यम से घटनाओं को निष्पक्ष और विश्वसनीय रूप में प्रस्तुत करने की एक प्रभावशाली कला है।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने भाषाई दक्षता विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उच्चारणगत एवं अर्थगत अशुद्धियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने भाषा की शुद्धता और प्रभावी अभिव्यक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला।

सहसंयोजक सुनीता विक्रम कोशले ने पत्रकारिता के विविध आयामों पर चर्चा करते हुए कहा कि मंच प्रस्तुति के दौरान धैर्य, आत्मविश्वास और स्पष्ट अभिव्यक्ति अत्यंत आवश्यक है।

## धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुए 150 श्रद्धालुओं का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा दरबार साहिब अमृतसर एवं छेवी पातशाही श्रीनगर साहिब धार्मिक यात्रा आज 11 मई को स्टेशन रोड गुरुद्वारा रायपुर से रवाना हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश संयोजक अरूण छाबड़ा ने भाटापारा में दर्शनाथियो का भव्य किया गया एवं लंगर जलपान प्रबंध किया गया।

लगभग 150 संगत इस यात्रा का हिस्सा बनी है, जिसके लिए रास्ते भर लंगर की व्यवस्था की गई है। हरमंदर साहिब, गुरुद्वारा ताज कौर समाद, गुरुद्वारा चरण कमल जम्मू , बाबा दीप सिंघ गुरुद्वारा, आदि ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन कर के। 23 मई को यात्रा रायपुर पहुंचेगी। इस धार्मिक यात्रा का सफल संचालन करने वाले सेवादारों में जत्थेदार संगठन के संरक्षक सरदार हरपाल सिंह भांमरा, प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, अरूण छाबड़ा, नरेन्द्र सिंह बाली कन्हैया सेठी अनिल जयसवाल, राजा टूटेजा, विक्की सलूजा गुरमीत सिंह टोनी, यसदीप छाबड़ा, मोनू सलूजा सहित संख्या से समाज के प्रमुख और अन्य लोग शामिल हुए।

## सेजेस हथबंद में लॉटरी दिवस पर विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) हथबंद में नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के अंतर्गत लॉटरी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। विद्यालय परिवार द्वारा नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

लॉटरी ड्रा प्रक्रिया विद्यालय में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बच्चों एवं पालकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

लॉटरी ड्रा के समापन पश्चात शाला प्रबंधन एवं विद्यालय विकास समिति की बैठक शाला विकास समिति अध्यक्ष विद्या वर्मा एवं समस्त समिति सदस्यों के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में स्कूल परिसर में अधूरी बाउंड्री वाल निर्माण हेतु शासन से मांग करने, मुख्य द्वार का नया निर्माण कराने, परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, ग्राम पंचायत मद से शौचालय निर्माण हेतु आवेदन देने तथा विद्यालय बाउंड्री वॉल के समीप खुले में लगे ट्रांसफार्मर को हटाने संबंधी प्रस्ताव पारित किए गए।

इसके अलावा स्वतंत्रता दिवस से पूर्व विद्यालय परिसर में शेष भवन, सेकंडरी स्कूल भवन एवं अधूरी बाउंड्री वाल के निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु मांग पत्र प्रस्तुत करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में विद्यालय के समग्र विकास एवं विद्यार्थियों के सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण पर विशेष चर्चा की गई।

इस अवसर पर शाला समिति सांसद प्रतिनिधि संजय वर्मा ने अपने उद्बोधन में बच्चों की शिक्षा, अनुशासन एवं विद्यालय विकास पर विशेष जोर देते हुए सभी पालकों एवं शिक्षकों से मिलकर कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में प्राचार्य सीके नायक, व्याख्याता त्रिवेदी, पंकज राठौर, अर्पिता शर्मा सहित शाला समिति अध्यक्ष विद्या वर्मा, सांसद प्रतिनिधि संजय वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि नरेश अनंत, जनपद प्रतिनिधि बबलू पटेल, उपाध्यक्ष जीतू यादव, सदस्य धन्ना धनेश्वर निषाद, प्रकाश पाल, मूलचंद टंडन, संतराम ध्रुव, संजू कैवर्त्य, राजेश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण, पालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही पूजा अंबिलकर, रुचि कश्यप, मनदीप कौर, हरिओम शर्मा, सुप्रिया चौहान, मेघा तुर्काने, मानसी रानी सरकार, भारती नायक, राजेश्वरी साहू, रेनू साहू, आयुषी नागवानी, दीपक वर्मा, श्वेता यादव, खुशी कश्यप एवं अनीता गायकवाड़ सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### आत्मानंद में प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली गई

**खरोरा।** पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना अंतर्गत कक्षा पहली प्रवेश हेतु ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रक्रिया में पालकों एवं शाला प्रबंधन समिति सदस्यों की उपस्थिति में पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ लॉटरी निकाली गई।



विद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा पहली प्रवेश हेतु कुल 68 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। दस्तावेज सत्यापन एवं जांच प्रक्रिया उपरांत 15 आवेदन निरस्त किए गए, जबकि 53 आवेदन पात्र पाए गए। पात्र आवेदनों में से उपलब्ध 50 सीटों के लिए ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया जिला प्रतिनिधि अंजुम रहमान की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रजनी मिंज, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन, सांसद प्रतिनिधि ढुलेश साहू, संजीव देवांगन, गुरजीत कौर भाटिया, सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, पालकगण एवं विद्यालयीन शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्राओं को कलेक्टर ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया

**सेल।** सुशासन तिहार के उपलक्ष्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहतरा में जिलाधीश कुलदीप शर्मा एवं अधिकारियों की उपस्थिति में संकुल के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिस पर उपस्थित जन समूह एवं अधिकारियों द्वारा प्रसंशा सराहना किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 वी प्रतिभावान छात्राओं प्रमिला बघेल, राधा, सुमन एवं 12वीं की रश्मि कैवर्त्य, यशोदा बरिहा, पूजा पैकरा. मंजू पटेल, प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को जिलाधीश द्वारा शील्ड मोमेंटो प्रदान किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए सभी छात्राओं को मेडल प्रदान किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलामंत्री एवं जनपद सदस्य मेलाराम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप दास मानिकपुरी, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, संस्था के प्राचार्य चूड़ामणी साहू के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। इस अवसर पर जिले के समस्त अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी रामरतन दुबे, तहसीलदार विवेक पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ध्रुव, एबीईओ रमाकांत देवांगन, सरपंच गोरेलाल पैकरा, एस एमडीसी अध्यक्ष राजेंद्र साहू समस्त स्टाफ सदस्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें हैं।





तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 12 मई 2026



14 10वीं-2वीं बोर्ड परीक्षा में इतवारी राम यादव...





16 समस्याओं का गंभीरता से करें त्वरित निराकरण :...






## खबर संक्षेप

### जिला जेल का क्षेत्र नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित

**बलौदाबाजार**। महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिला जेल बलौदाबाजार-भाटापारा की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा अप्रिय घटनाओं को रोकने हेतु जेल के आस-पास क्षेत्र को नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। जिला जेल बलौदाबाजार-भाटापारा भौगोलिक दृष्टि से उत्तर में शमशान घाट, पूर्व में डीके कॉलेज एवं स्टेडियम, दक्षिण में सिंचाई कालोनी तथा पश्चिम में जेल कॉलोनी एवं कृष्णायन कॉलोनी से घिरा हुआ है। इन क्षेत्रों से असामाजिक तत्वों द्वारा जेल के मुख्य दीवार से जेल के अंदर प्रतिबंधित सामग्री पहुंचाई जा सकती है, जिससे जेल की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। इन सब को दृष्टिगत रखते हुए जेल परिसर की सीमा से 500 मीटर के दायरे में शामिल क्षेत्र को 'नो ड्रोन फ्लाईंग जोन घोषित किया गया है।

### मेडिटेशन से एकाग्रता बढ़ाने की बताई तरकीब

**रायपुर**। राजधानी के वीआईपी रोड स्थित आश्रम में दो दिवसीय महिला योग साधना सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित शिविर में प्रतिभागियों को मेडिटेशन से एकाग्रता बढ़ाने की तरकीब बताई गई। सहज व सरल तरीके से मन को शांत रखने के उपाय भी बताए गए। दो दिवसीय महिला योग साधना सम्मेलन के तहत विशेष शिविर में योग, ध्यान एवं जप के साथ-साथ प्रतिभागियों के लिए रोचक एवं प्रेरणादायक खेलों का भी आयोजन किया गया।

# बिलासपुर से चलने वाली ट्रेनों का भाटापारा स्टॉपेज हो : लक्ष्मी वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ से नव निर्वाचित राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक से मुलाकात करते हुए दुर्ग से पूरी (व्हाया रायपुर बिलासपुर झारसुगडा, संबलपुर)ट्रेन चलाने, बिलासपुर से चलने वाली सभी 4 ट्रेनों का भाटापारा स्टॉपेज स्वीकृत करने सहित एक 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। नगर वासियों ने भाटापारा के हितों को दमदारी से रखने के लिए श्रीमती वर्मा का आभार जताया है।

अपने मांग पत्र में सांसद श्रीमती वर्मा ने बिलासपुर से चलने वाली 12441/12442 बिलासपुर नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 20825/20826 बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस,12851/12852 बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस और 22939/22940 बिलासपुर ओखा एक्सप्रेस का भाटापारा स्टॉपेज को स्वीकृती देने, रायपुर बिलासपुर के मध्य लोकल /मेमू/ ट्रेनों की संख्या को बढ़ाने, रायपुर से प्रातःकालीन लोकल ट्रेन उस्लापुर के रास्ते अनुपपुर,शहडोल तक चलाने, हथबंद रेलवे स्टेशन के समपार गेट क्रमांक 391 पर स्वीकृत अंडर ब्रिज का कार्य प्रारंभ करने, 08261/08262 बिलासपुर यहलांका एक्सप्रेस को रि नंबर 18261/18262 के साथ शीघ्र चालू करने की मांग रखी है।

## रेल महाप्रबंधक से मिलकर सांसद ने रखी मांग

### नई ट्रेन सुविधाओं की मांग को लेकर प्रमुख मुद्दे

भाटापारा रेलवे स्टेशन में चल रहे अमृत भारत स्टेशन निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने, 12771/12772 सिकंदराबाद रायपुर एक्सप्रेस को भाटापारा होते हुए बिलासपुर तक बढ़ाने, 18109/18110 टाटा नगर इतवारी एक्सप्रेस का हथबंद रेलवे स्टेशन पर पुनःस्टॉपेज देने, दुर्ग से पूरी के मध्य रोजाना एक इंटरसिटी एक्सप्रेस व्हाया रायपुर,भाटापारा, बिलासपुर झारसुगडा,संबलपुर मार्ग होकर चलाने,दुर्ग से कामख्या(गुवाहाटी )के लिए रायपुर,भाटापारा, बिलासपुर, झारसुगडा,टाटा नगर होते हुए नई ट्रेन प्रस्तावित करने,लोकल ट्रेनों के डिब्बों की संख्या 8 से बढ़ाकर 12 करने तथा पैराडाइज होटल और डब्लू आर एस के मध्य प्रस्तावित अंडर ब्रिज का काम शीघ्र चालू करने की मांग रखी है।



### 12 सूत्रीय मांग का दिया पत्र

विदित हो कि दाधापारा से रायपुर के मध्य स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए रेल महाप्रबंधक तरुण प्रकाश रायपुर स्टेशन पहुंचे थे। सांसद लक्ष्मी वर्मा ने उनसे मुलाकात करते हुए रेल यात्रियों के हितों और उनकी सुविधाओं को बढ़ाने, उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक निर्णय लेने की उनके समक्ष बात रखी और क्षेत्र के यात्रियों के लिए 12 सूत्रीय मांग पत्र उनके सामने प्रस्तुत किया।

# जल संकट के खिलाफ आप ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

■ कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जिले में गहराते पेयजल संकट को लेकर आम आदमी पार्टी ने जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने आरोप लगाया कि नल-जल योजना के तहत गांवों में पानी टंकियों, पाइपलाइन और घर-घर नल कनेक्शन लगाए गए, लेकिन आज तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित नहीं हो सकी है। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भुनेश्वर सिंह डहरिया ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी जनता को पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं करा पाना सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर साल गर्मी में जल संकट और बरसात में जलभराव जैसी समस्याएं सामने आती हैं, लेकिन स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई जाती। पार्टी नेताओं ने ▸▸ शेष पेज 14 पर

## पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए समय सारिणी जारी

# सरपंच एवं पंच के 62 पदों पर होगा उप चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगरीय निकायों तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 हेतु समय सारिणी जारी कर दी है। इसमें त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत जिले में सरपंच एवं पंच केकुल 62 पदों पर उप चुनाव होगा। इसमें 4 पद सरपंच एवं 58 पद पंच के शामिल हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी के अनुसार नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों में उप निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 11 मई सोमवार को




प्रातः 10.30 की जायेगी, स्थानों सीटों के आरक्षण के संबंध में सूचना एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई प्रारंभ हो जायेगा। नाम निर्देशन पत्र प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्राप्त किए जायेंगे। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम ▸▸ शेष पेज 14 पर

### परिणाम की घोषणा 4 जून को

नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतगणना 4 जून को प्रातः 9 बजे से किया जाएगा तथा मतगणना संपन्न होने के बाद निर्वाचन परिणाम त्रिस्तरीय पंचायतों में 1 जून सोमवार को मतदान संपन्न होने के बाद मतदान केंद्र पर ही मतगणना की जायेगी और यदि आवश्यक हुआ तो विकासखंड मुख्यालय पर 2 जून मंगलवार को प्रातः 9 बजे से मतगणना किया जाएगा। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के मामले में विकास खण्ड स्तर पर सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 4 जून गुरुवार को प्रातः 9 से किया जाएगा।

# मिरौनी बैराज पर अब डीजे बजाया तो होगा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

■ शराब, अश्लीलता पर पुलिस की पैनी नजर

मिरौनी बैराज जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहा है, पिछले कुछ समय से अराजकता का अड्डा बनता जा रहा था। पिकनिक के नाम पर होने वाले हुड़दंग और बढ़ते अपराधों को देखते हुए अब कोसीर पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। पुलिसने स्पष्ट कर दिया है कि अब यहां मनोरंजन के नाम पर कानून तोड़ने वालों की जगह बैराज पर नहीं, बल्कि थाने के भीतर होगी।

प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। आधिकारिक सूचना के अनुसार, अब तक इस स्थल पर 1 हत्या की वारदात हो चुकी है। 2 लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है, जो लापरवाही का नतीजा थी। साथ ही 1 हत्या का प्रयास व अनगिनत मारपीट व बलवे के मामले दर्ज किए गए हैं इन घटनाओं ने शांत रहने वाले इस पर्यटन स्थल को खौफनाक बना दिया था, जिसके बाद कोसीर थाना पुलिस ने आपकी सुरक्षा, हमारा संकल्प के तहत मोर्चा संभाल लिया है। अक्सर देखा जाता है कि – पिकनिक मनाने आने वाले युवक बड़े-बड़े साउंड सिस्टम और डीजे लेकर पहुंचते हैं, जिससे न केवल ध्वनि प्रदूषण होता है, बल्कि विवाद की ▸▸ शेष पेज 14 पर






## खबर संक्षेप



### छेछर में आहाता निर्माण का भूमिपूजन

**सेल।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेछर में 15 लाख से आहाता निर्माण का भूमिपूजन जनपद सदस्य मेलाराम साहू ने किया। जनपद पंचायत कसडोल के अंतर्गत आता हैं। सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे ग्राम पंचायत सरपंच, पंच के समक्ष आहाता निर्माण कार्य का पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया है। इस मौके पर सरपंच किशोर, प्रधान उपसरपंच सरिता वर्मा, पंच पूर्णिमा बाई कैवर्त्य, पंच रम्भन बाई, जानकी बाई, पंच ललिता बाई पटेल, सरपंच पत्नी सेवती बाई, प्रधान पंच फिरतीन श्रीवास, पंच सहदेव साहू, पंच धनेश्वर कैवर्त्य, परमेश्वर कैवर्त्य, नंदकुमार काटले, देवनारायण पटेल सचिव ग्राम पंचायत, गैतराम कैवर्त्य रोजगार सहायक, रायसिंग भारद्वाज सहित समस्त पंचगण उपस्थित हुए थे।

### डिगेश्वर दूसरी बार बने सुहेला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री

**हिरमी रावन।** मोहरा निवासी डिगेश्वर यदु को दूसरी बार सुहेला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। पार्टी संगठन ने उनकी सक्रियता एवं संगठनात्मक कार्यों को देखते हुए पुनः महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जिला अध्यक्ष सुमित्रा घुतलहरे और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भानु वर्मा का आभार जताया।



### डोमार बने ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारिणी सदस्य

**भवानीपुर।** संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पलारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में नई नियुक्तियां की गई हैं। इसी क्रम में ग्राम भरूवाडीह निवासी डोमार साहू को पलारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर खुशी जताते हुए डोमार साहू ने कसडोल विधायक संदीप साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि बंजारे के प्रति आभार व्यक्त किया। डोमार साहू ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना तथा ब्लॉक स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाना होगा।



### मौसमी बीमारी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग सक्रिय



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के संवेदनशील गांव में मौसमी बीमारी एवं महामारियों के रोकथाम एवं बचाव के संबंध में पूर्व तैयारी करते हुए टीम के माध्यम से घर-घर सर्वे किया गया। इसके साथ ही साथ आमजनों को बीमारी से बचाव बाबत विशेष रूप से जागरूक भी किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ,राजेश अवस्थी ने बताया कि सर्वे में सेक्टर सुपरवाइजर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित मितानिन भी उपस्थित रहीं। सर्वे में घर भ्रमण के द्वारा किसी पीड़ित व्यक्ति की पहचान करने का प्रयास किया गया । इसके साथ ही जल स्त्रोतों का भी जायजा लिया गया साथ ही पाइप लाइन लीकेज की पहचान की गई। ब्लीचिंग पाउडर भी पेयजल स्त्रोत में डाला गया। आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ नवदीप बांधे के अनुसार बलौदाबाजार में करमदा, डमरू, जूड़ा, तुरमा, सलोनी, करमन डीह, रसेड़ा भाटापारा में धुर्राबांधा पथरिया, गोगिया, बेंदरी मर्राकोना, सकलोर एवं बिटकुली यह वह गाँव हैं जिन्हें संवेदनशील मान कर सर्वे किया गया।

---

**सुशासन तिहार : वटगन में सीसी रोड एवं कॉलेज में बाउंड्रीवाल निर्माण की स्वीकृति**

# समस्याओं का गंभीरता से करें त्वरित निराकरण : मंत्री जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



सुशासन तिहार ब्लॉक के ग्राम पंचायत वटगन में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत वटगन में सीसी रोड निर्माण, कॉलेज में बाउंड्रीवाल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही विभिन्न योजना के हितग्राहियों को सामग्री व चेक का वितरण किया।

कार्यक्रम में मंत्री जायसवाल ने कहा कि सुशासन तिहार एक ऐसा तिहार हैं, जिसमें शासन और प्रशासन जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर उन्हें खुशी देने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश का दौरा कर लोगों के बीच पहुंच रहे हैं और योजनाओं की जमीनी हकीकत पर फीडबैक ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने कार्यशैली में लोगों की समस्याओं के समाधान को सर्वोपरि रखें। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर गंभीरता पूर्वकविचार करते हुए तत्काल निराकरण करें, यहाँ निराकरण नहीं हो पाने वाले आवेदनों को 15 दिन में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी क्षेत्रों में लगातार विकास के कार्य कर रही हैं। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त किया जा रहा हैं। 5 नये मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं, चिकित्सकों एवं अन्य स्टॉफ की भी भर्ती शुरू हो गई है।

इस अवसर पर एसपी ओ.पी.शर्मा, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, सविता यादव, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैक अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, राहुल टिकरिहा, मिथलेश वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम दीपक निकुंज सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### राजस्व सम्बंधित आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश

प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने राजस्व सम्बंधित त्रुटि सुधार, बंटवारा, नामांतरण जैसे मामले के आवेदनों के निराकरण को गंभीरता से लेते हुए राजस्व अधिकारियो को निर्देशित किया कि यहां प्राप्त राजस्व सम्बंधित कोई भी आवेदन 15 दिन तक लंबित न हो। लंबित पाए जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत लोगों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई।



## सुशासन शिविर में ग्रामीणों की निःशुल्क जांच और उपचार

**बलौदाबाजार।** विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बाहुल्य ग्राम बल्दाकछार एवं औराई में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत एवं नग मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार इस एमएमयू को विकासखंड कसडोल अंतर्गत आयोजित प्रथम समाधान शिविर मोहतरा (क) में तैनात किया गया। शिविर में आये बड़ी संख्या में लोगों ने एमएमयू में निःशुल्क जांच, इलाज व दवाई प्राप्त की।

- लोगों की सुविधा के लिए अब पैकेट में दी जाएगी दवाई

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मोहतररा शिविर के पास ही लगाए गए एमएमयू कैम्प का जायजा लिया। उन्होंने तैनात चिकित्सक एवं स्टॉफ से पूछ ताछ कर ओपीडी की संख्या, जांच सुविधा, दवाई की उपलब्धता क़ी जानकारी ली। इस दौरान जांच कराने पहुंचे ग्रामीणों से बातचीत की। ग्राम चांटीडीह क़ी करीब 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामबाई ने बताया कि इस वाहन में फ्री में जांच, इलाज व दवाई मिल रही है। कलेक्टर ने हाथ में रखे दवाई संभाल रही रामबाई से पूछा कि यह सब दवाई इसी वाहन से मिला हैं, किसी प्रकार कि समस्या तो नहीं हैं। रामबाई ने कहा कि इसमें सब सुविधा हैं, फ्री में इलाज हो रहा हैं। बस एक सुविधा हो जाती तो ठीक था। यहां से मिलने वाली दवाई को लिफाफा या पैकेट में देने की व्यवस्था हो, हाथ में रखने से कहीं गिर न जाए। इस पर कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि अब से दवाई को पैकेट में देने कि व्यवस्था किया जाए। उन्होंने इलाज़ के लिये वाहन में चढ़ने के लिये एक छोटी सीढ़ी की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिये।



## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के वर्णन से भक्तिमय हुआ धनसुली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

ग्राम धनसुली में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन देवी प्रज्ञा ने श्रीकृष्णजी की बाल लीला का वर्णन करते हुए कहा कि मामा कंस द्वारा श्रीकृष्ण को मारने के लिये पुतना गई थी, परंतु भगवान ने पुतना को देखते ही अपने आंख बंद कर ली क्योंकि अधर्म और धर्म को परमात्मा जान गये थे। अधर्म की पुत्री दंभ है, ठाकुर जी की नदिया हमेशा उल्टी बहती है, पुतना को सद्गति दे दी, अपने पुण्य को कभी मत बताओ। श्रीकृष्ण की सोलह हजार एक सौ आठ विवाह बताये, कुल गुरु गर्गाचार्य ने गौशाला में श्रीकृष्ण, बलराम का नामकरण संस्कार किया। मईया यशोदा श्रीकृष्ण को कलवा और बलराम को बलवा नाम से पुकारते थे, क्योंकि ये नाम पुकारने के लिये सरल थे। ठाकुरजी की गाय का नाम सुरभि था, ठाकुरजी एक भृकुटी को टेड़ा करने से तीनों लोक में हाहाकार मच जाता है। वहीं ठाकुरजी मां यशोदा से डरते हैं। ठाकुरजी को वृंदावन बहुत ही प्रिय है, ठाकुर जी की नृत्य धाम है वृंदावन। ठाकुर जी ने गाय, बछड़े व ग्वाले के स्वरूप मे एक वर्ष तक रहे। निःस्वार्थ प्रेम समस्त बंधनों से मुक्त रहते हैं। हमारी बुद्धि ब्रम्हा ने बनाई । कथा आयोजक मुख्य यजमान मंगसा राम निर्मलकर सरपंच धनसुली, गणेशिया बाई निर्मलकर, केंवरा बाई निर्मलकर हैं।

### उप स्वास्थ्य केन्द्र के जर्जर छत पर उगा पीपल पेड़

**गोपालपुर।** उप स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुर के जर्जर (पुराना) भवन है। उक्त भवन 35-40 वर्षों हो चुका है जो अभी उपयोग नहीं हो रहा जिसका उस भवन के ऊपर मे पीपल का पेड़ उग कर 10-15 फीट बड़ा कर बड़ा हो गया है, जबकि उक्त भवन कभी भी ढह (गीर) सकता है। जिसका ये है, इसका नजारा।



## बुड़ेरा में हुआ बिहान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम पंचायत बुड़ेरा में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) ज्योति महिला संगठन समूह बुड़ेरा द्वारा वार्षिक आमसभा सम्मेलन पूर्व माध्यमिक शाला में हुआ, जिसमें ज्योति महिला संगठन समूह द्वारा सम्मिलित होकर यह सफल कार्यक्रम बिहान का आयोजन किया गया। विशेष रूप से इस कार्यक्रम में प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य रूप से समूह की अध्यक्ष धनेश्वरी साहू, सचिव नंदिनी कृषि मित्र, रानी साहू पशु सखी, हेमलता साहू, सक्रिय महिला केसर सिन्हा एवं समस्त बिहान सहायता समूह की सभी महिलाएं एकत्रित हुई और इस कल्याणकारी योजना के बारे में सभी ने विस्तृत जानकारियां दी। सरपंच राजा भरत साहू ने कहा यह योजना बिहान सहायता समूह महिलाओं के लिए एक लाभदायक योजना है जिसके माध्यम से महिलाओं को एक नई दिशा मिलेगी और इस योजनाओं से महिलाओं को लाभ मिलेगा। सभी महिलाएं इस योजना का लाभ उठाए। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष उपसरपंच दामिनी बंजारे, विशिष्ट अतिथि ग्राम सभा अध्यक्ष जनक राम सिन्हा एवं पंचगणों में रमेश खुटे, रामचंद्र साहू, ललिता साहू, ललिता ध्रुव, कमलेश साहू, अमोला साहू, सहित इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बुड़ेरा के समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

## खेल से बढ़ता है बौद्धिक और शारीरिक विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



ग्राम चांपा में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस टूर्नामेंट में लगभग 60 गांवों की टीम ने हिस्सा लिया, जिसमें बोरतरा प्रथम स्थान पर, सरफोंगा द्वितीय स्थान पर रही।

साथ ही ढाबाडीह तृतीय और खपराडीह चतुर्थ स्थान पर रही। खेल के दौरान खिलाड़ियों में खिलाड़ी भावना बहुत ही बढ़ चढ़कर देखने को मिला और बिना किसी विवाद से कार्यक्रम का आयोजन सफल रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीरज परगनिहा भारत माता सेवा ट्रस्ट एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में फाउंडेशन बलौदाबाजार से अभय सिंह उपस्थित थे। परगनिहा ने कहा कि खेल खेलने से आपसी संबंधों में निकटता आती है। साथ में सहयोग और खिलाड़ी भावना का विस्तार होता है। उन्होंने कहा कि मैं युवाओं के हर एक गतिविधियों में जो उनके शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए जरूरी है हर जगह मदद के लिए हमेशा तैयार हूं।

और यह चीज परगनिहा में हर जगह युवाओं और अन्य लोगों के सहयोग और सहायता की भाव के रूप में देखने को मिल रहा है।

साथ में अतिथि के रूप में अर्जुनी से कृषि विभाग के अधिकारी चंद्रमौली शर्मा, खैरताल से सरपंच प्रेमशंकर वर्मा, हिरमी अल्ट्राटेक के अधिकारी नीरज सिरमौर ,युवा मोर्चा जिला बलौदा बाजार से कुशल वर्मा, आयुष शर्मा भी उपस्थित थे। उद्घाटन मैच चांपा के सरपंच प्रतिनिधि शंकर धृतलहरे एवं ग्राम चांपा से टाकेश वर्मा, मनीष साहू, रवि वर्मा, सोमनाथ वर्मा, रमेश वर्मा, शुभम वर्मा, चंद्र किशोर वर्मा, संतोष वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, विजय वर्मा, सीताराम यादव, रोहित कन्नौज, दुर्गा कन्नौजे उपस्थित रहे।

## बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन समारोह एवं मातृ दिवस का संयुक्त कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंम भाजपा सुहेला मंडल की कोषाध्यक्ष कीर्ति वर्मा, भाजपा की रायपुर जिला कार्यालय प्रभारी ममता पैकरा, ग्राम पंचायत हिरमी से वार्ड पंच लक्ष्मी सिन्हा और गरीबीन ध्रुव एवं ब्रह्माकुमारी बहनों ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बी के नमिता ने मातृशक्ति का समाज में उनके अमूल्य योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया और बताया प्रतिवर्ष ये शिविर बच्चों में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के विकास और अंदर छिपी कला को निखारने के उद्देश्य से रखा जाता है। कैंप के बीच बच्चों को ट्रेनर द्वारा नैतिक मूल्यों की क्लासेस के साथ ध्यान, अनेक तरह के योग, जुम्बा डांस, कैलीग्राफी, क्राफ्ट, दैनिक जीवन में आयुर्वेद, ट्रैफिक रूल्स और व्यसनों से दूरी आदि चीज़ें सिखाया गया।

- मातृ दिवस पर सम्मानित हुईं मातृशक्ति

कीर्ति वर्मा ने कहा कि माताएं समाज की आधारमूर्त हैं। ममता वर्मा ने संस्था के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

**शिक्षा व युवा मार्गदर्शन पर जोर सामाजिक सदस्य**

# साहू समाज अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



रविवार को साहू समाज भवन बलौदाबाजार में साहू समाज अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के उत्थान, शिक्षा, रोजगार, युवा मार्गदर्शन एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला स्तर पर कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को शिक्षा एवं रोजगार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रत्येक वर्ष सम्मानित करने हेतु विशेष सम्मान समारोह आयोजित करने पर सहमति बनी।

इस अवसर पर साहू समाज अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ का गठन भी किया गया, जो समाजहित में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का संचालन करेगा। बैठक में समाज के संगठन, शिक्षा, सम्मान और प्रगति को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि समाज का उद्देश्य किसी प्रकार का भेदभाव नहीं, बल्कि समरसता, समानता और मानव मूल्यों के साथ समाज को आगे बढ़ाना है। बैठक में सामाजिक उत्थान के लिए शिक्षा को प्राथमिकता, युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी, आर्थिक सशक्तिकरण, नशामुक्ति, दहेज प्रथा व अंधविश्वास जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता, सांस्कृतिक संरक्षण तथा राजनीतिक एवं सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम में सुनील कुमार साहू जिला अध्यक्ष साहू समाज, सुरेंद्र कुमार साहू, विजय कुमार साहू, रीपू सूदन साहू, तेजराम साहू, संतोष साहू, पूरनलाल साहू, गिरीश साहू, केशव कुमार साहू, रामनाथ साहू, चेतन राम साहू, हेमंत कुमार साहू, राजेश कुमार साहू, बेनी राम साहू, मनोज कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

